## अजय शर्मा का किया सम्मान

**भरतपुर,(निस)।** विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से, वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के सानिध्य एवं श्रीब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान देने के लिए, सेवानिवृत्ति के अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी अजय कुमार शर्मा का साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से भी इनकी पत्नी, इनके सुपुत्र सुधांशु गौड़ का सपत्नीक सम्मान किया गया एवं उनके दीर्घायु जीवन के लिए, उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर कौशलेश शर्मा ने बताया कि अजय कुमार व्यवहार कुशल, समाजसेवी, कार्य के प्रति ईमानदार एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी हैं। अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वाले अजय कुमार शर्मा ओजस्वी व्यक्तित्व के धनी रहे। अजय कुमार शर्मा ने उपस्थित शुभचिंतकों को समाज सेवा के क्षेत्र में इसी तरह योगदान देते रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश , वरिष्ठ पार्षद रेनु गौरावर, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार समाजसेवी अजय कुमार शर्मा के सुपुत्र सुधांशु गौड़ ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# एस.पी. जिंदल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का शुभारंभ

**भरतपुर, (निस)।** अग्रवाल सेवा संस्थान रंजीत नगर भरतपुर द्वारा भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर संस्था अध्यक्ष एसपी जिंदल की अध्यक्षता में एवं पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक डॉ सुभाष गर्ग उद्योगपति रजनी अग्रवाल भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल शहर युवा अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल के मुख्य आथित्य में रंजीत नगर स्थित शहनाई मैरिज होम में अतिथियों द्वारा झंडा पूजन एवं भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र पर माला पहना कर दीप प्रज्वलित एवं आरती कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। संस्था संरक्षक विष्णु दत्त जैन, एलएन गुप्ता, शंकर लाल अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता महामंत्री मुकेश सिंघल, कोषाध्यक्ष रामनिवास अग्रवाल, विकास मित्तल, राधा मोहन अग्रवाल, अमित गर्ग, दिलीप गर्ग, एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला दुपट्टा एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ सुभाष गर्ग ने कहा कि आज देश ही नहीं विदेश मैं भी भगवान अग्रसेन की जयंती मनाई जा रही है। मैं अपने समाज के बच्चों से कहना चाहता हूं कि वह विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर परिवार समाज का नाम रोशन करें मैं



**भगवान अग्रसेन महाराज के चित्र पर माला पहना कर दीप प्रज्वलित एवं आरती कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया।**

हमेशा उनके साथ खड़ा हूं। उद्योगपति रजनी अग्रवाल ने कहा की हमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दिशा में आगे बढ़कर हर संभव मदद करनी चाहिए एवं में समाज की महिलाओं से आव्हान करना चाहती हूं कि समाज की बच्चिया आर्थिक दृष्टि से पढ़ने से वंचित न रहे। भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल ने कहा कि भरतपुर की सबसे मजबूत संस्था अग्रवाल सेवा संस्थान का अपने आप में कार्य करने की क्षमता पूरे राजस्थान में विख्यात है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में सबसे ज्यादा हमारे समाज के बच्चे पास हुए हैं यह हम सब के लिए बड़े गौरव की बात है। उसके उपरांत अतिथियों द्वारा 10वीं एवं 12वीं के बच्चों को दुपट्टा एवं मेडल पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। उसके उपरांत 2024 में चयनित आरएएस, आईआईटी, आईआईएम, एमबीबीएस, सीए फाइनल में उत्तरी विद्यार्थियों को दुपट्टा पहनाकर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। संस्था क्षेत्र की गतिविधियां व प्रस्तावना इकाई अध्यक्ष एस पी जिंदल ने पढ़कर सुनाया। समापन पर अतिथियों एवं पदाधिकारियों एवं परिजनों, मेघावी बच्चों एवं मातृशक्ति का आभार व्यक्त महामंत्री मुकेश सिंघल ने किया।

## प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान किया

**भरतपुर, (निस)।** अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर में नगर निगम भरतपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा-पखवाड़ा 2024 अन्तर्गत "वेस्ट टू आर्ट" प्रतियोगिता का आयोजन 19 सितम्बर 2024 को करवाया गया था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट टू आर्ट के तहत विभिन्न प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये गये। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य सरकार के निर्देशन में 17 सितम्बर से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडे का समापन समारोह 2 अक्टूबर को यूआईटी, ऑडिटॉरियम भरतपुर में आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं तपस्या सिंह, वैष्णवी, निशा शर्मा, तुलसी शर्मा एवं अर्चना कुमारी को प्रथम पुरूस्कार के रूप में जिला प्रशासन भरतपुर की ओर से 5100 रूपये नगद मय प्रशस्ति पत्र व शील्ड दिये गये। वहीं द्वितीय पुरूस्कार एवं तृतीय पुरूस्कार के रूप में ही महाविद्यालय की छात्राओं कुमकुम शर्मा, पलक जसरोटिया को 3100 रूपये मय प्रशस्ति पत्र व शील्ड एवं तृतीय पुरूस्कार के रूप में रितिका चौधरी को 2100 रूपये य प्रशस्ति पत्र व शील्ड जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव द्वारा यूआईटी, ऑडिटॉरियम भरतपुर में आयोजित प्रोग्राम में प्रदान की गयी।

## 10 लाख के जेवर सहित 80 हजार की नकदी चोरी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शहर की उस्मान कॉलोनी में गुरुवार रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। चोर करीब 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और 80 हजार रुपए की नकदी को चुराकर ले गए। वहीं पास के कमरे में ही परिवार के लोग सो रहे थे। सूचना मिलने पर उदेई मोड़ थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और चोरी का मौका मुआयना कर मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार मेहराज बानो और उनके पुत्र व पुत्री गुरुवार रात को एक कमरे में सो रही थी। मेहराज का ससुर अलग एक कमरे में सो रहा था। पति निजाम खां पुरानी दिल्ली में कुली का काम करता है और वह दिल्ली में था। जिस कमरे में सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे, उसकी कुंदी लगा रखी थी। एक बजे तक घर में सभी लोग बात करके सोए थे। चोरी का पता सुबह सात बजे उठने के बाद लगा तो देखा कि कमरे के गेट टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। इस दौरान चोरों ने मकान के लगे मुख्य कुंदे (सांखल) को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। कमरे में रखे सामान को खंगाला और चारों तरह बिखेर दिया। इसके बाद चोरों ने बक्शा व आलमारी का ताला तोड़ दिया और इसमें दो तीन पर्स में रखे 3.5 तोला सोने की एक चेन, पेंडिल डबल कुंदा एक तोला, सोने की आधे तोला अंगूठी, एक तोला एक जोड़ी कान के टॉप्स, एक तोला सोने की बाली, 500 ग्राम चांदी की पायजेब, 1.25 ग्राम चांदी की एक जोड़ी छागल चूडी सहित चांदी के हाथफूल, चांदी की चूड़ी सहित 80 हजार रुपए की नकदी व सामान को चोर चुराकर ले गए। जेवर की कीमत करीब 10 लाख रुपए है। उदेई मोड़ थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर चोरी का मौका मुआयना किया।

## पोस्टर का प्रतियोगिता का आयोजन

**गंगापुर सिटी, (नि.स.)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई 1 के द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के तहत आज लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा भगवती उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता के संयोजक लायन अनुज शर्मा और लायन अजय सिन्हा ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो वर्ग कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में आयोजित की गई। दोनों ही वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों को लायंस क्लब अध्यक्ष सुरेश चन्द गुप्ता, सचिव प्रोफेसर धीरज गुप्ता और लायन अनुज शर्मा ने पुरस्कार देकर सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। लायंस क्लब सचिव धीरज गुप्ता ने लायंस क्लब के बारे में बच्चों को बताया कि लायंस क्लब एक इंटरनेशनल संस्था है जो पीडित मानव की सेवा में हमेशा तत्पर रहता है।

# प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिये

**भरतपुर,(निस)।** जिला व्यापार महासंघ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता के नेतृत्व में जिला कलक्टर एवं संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता से मिला। प्रतिनिधि मण्डल में जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल, जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश बजाज, जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा, पूर्व प्रतिपक्ष नेता इन्द्रजीत भारद्धाज एवं अशोक जैन शामिल थे। प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कलक्टर को दो अलग-अलग ज्ञापनों की कॉपी सौंपी, जिसमें एक ज्ञापन में भरतपुर उद्योग के लिये सस्ती लीज पर आवंटित भूमि में बंद पड़े एवं खाली पड़ी भूमियों को अधिग्रहण कर अन्य उद्योगों को आवंटित करने की मांग रखी गई। जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में भरतपुर के सबसे बड़े औधोगिक प्रतिष्ठान सिमको, जीडब्ल्यू, परफेक्ट पॉट्री एवं डालमिया डेयरी इत्यादि को सैंकड़ों बीघा जमीन औधोगिक लीज पर राज्य सरकार द्वारा दिया गया था। जिसमें से अनेक फैक्ट्रियॉ बंद हो चुकी हैं, वहीं सिमको बैगन फैक्ट्री जो कि वर्तमान में टीटागढ़ के नाम से चल रही है उसको 470 बीघा भूमि सस्ती दर पर लीज पर आवंटित की गई थी, जिसमें से अधिकांश भूमि का उपयोग नहीं हो रहा है, जिसमें 60 बीघा में फैक्ट्री व लगभग 20 बीघा स्कूल व खेल का मैदान एवं 30 बीघा जमीन में श्रमिकों के क्वार्टर निर्मित थे। कुछ वर्ष पूर्व फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा स्कूल के भवन एवं खेल के मैदान को तहस नहस कर दिया गया और कई क्वार्टरों को जमीदोष कर दिया गया। अभी वर्तमान में चल रही टीटागढ़ फैक्ट्री में स्थानीय श्रमिकों की तुलना में जिले के बाहरी श्रमिकों की संख्या अधिक है, जबकि समझौते के अन्तर्गत यहॉ के स्थानीय लोगों को रोजगार देने की अधिक बात कही गई थी, वहीं मजदूर वर्ग व आस-पास के गरीब लोगों के बच्चे जो इस स्कूल में पढते थे उनको भी स्कूल तोड़कर शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास किया गया है। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा राज्य सरकार से अपील करते हुए ज्ञापन में लिखा गया कि जो उद्योग धंधे बंद पड़े हैं या जिनकी पूरी भूमि का उपयोग नहीं हो पा रहा है, ऐसे उद्योगों की भूमि को फ्री होल्ड कराकर नये उद्योगों के लिए आवंटित करना चाहिये। क्योंकि भरतपुर में औधोगिक भूमि की कमी के कारण नये उद्योग धंधे नहीं लग पा रहे हैं।

# जिला निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न

**भरतपुर, (निस)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति समग्र शिक्षा की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विद्यालयों में भौतिक संसाधनों बिजली, पानी, शौचालय, चारदीवारी, खेल मैदान, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष आदि के लिये ब्लॉक स्तर पर सघन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विद्यार्थियों के ड्रॉप आउट पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए समस्त सम्बन्धित अधिकारियों व शिक्षकों को ड्रॉपआउट कम हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर शाला दर्पण के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जिले की रैंकिंग में सुधार हेतु अतिरिक्त प्रयास की

- **जिला कलक्टर ने विद्यालयों में भौतिक संसाधनों बिजली, पानी, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष आदि के लिये ब्लॉक स्तर पर सघन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये**

आवश्यकता है। उन्होंने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विद्युत, पेयजल कनेक्शन विहीन विद्यालयों में अगले सत्र प्रारम्भ होने से पहले विद्युत एवं पेयजल कनेक्शन करवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में खेल मैदान, शौचालय एवं चारदीवारी नहीं हैं ऐसे समस्त विद्यालयों की सूची बनाकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराने एवं विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने क्षितग्रस्त विद्यालय भवनों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत कार्य हेतु यथाशीघ्र प्रस्ताव भिजवाने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने की बात भी कही। बैठक में सिविल निर्माण कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा की जिसके तहत अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में कराये जा रहे विकास कार्य समय पर पूर्ण कराने एवं स्वीकृत कार्य व प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों एवं छात्रावासों का नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

## अभीजय भंडारी का चयन

**गंगापुर सिटी** ।राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 23 चैलेंजर ए टीम मे अभिजय भंडारी का चयन होने पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत, सचिव डॉक्टर दीपक राज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, मनोज बंसल, उपाध्यक्ष शरद माथुर, सह सचिव सूर्य प्रकाश शर्मा, सह सचिव जितेंद्र उपाध्याय, एग्जीक्यूटिव मेंबर्स नीरज मिश्रा, गौरव राज, अमिताभ सिंह राठौड, नरेंद्र गोगा, रूपा चाचा, गप्पन शर्मा, जयंत जैन, एनोस हरमन, मैनेजर रवि गुर्जर, लोकेश मीणा, राजीव नरूका, वीरेंद्र गुर्जर, शारूख, अमित चौधरी सहित सभी खेल प्रेमियों ने जिला क्रिकेट संघ सवाईमाधोपुर कार्यालय मे मिठाई बांटी व हर्ष व्यक्त किया।

# दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**भरतपुर, (निस)।** बीईएसएल ने बिजलीघर सब डिवीजन कार्यालय में पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूकता हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एमएनआरई अधिकृत सोलर वेंडरों ने भी भाग लिया। पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि दो दिनों में लगभग 58 उपभोक्ता कार्यशाला में इस योजना के तहत लगने वाले रूफटॉप सोलर की जानकारी हासिल करने आए और 11 उपभोक्ताओं ने योजना को समझ कर हाथोंहाथ रजिस्ट्रेशन भी करा दिया। पीएम सूर्य घर योजना के तहत एक किलोवाट रूफटॉप सोलर संयन्त्र लगवाने पर 30,000, दो किलोवाट पर 60,000 और तीन या उससे अधिक लोड का सोलर संयन्त्र लगवाने पर 78,000 रूपये की सरकार द्वारा सब्सिडी देने का प्रावधान है। इसके साथ ही उपभोक्ता बैंकों से उचित दरों पर ऋण की सुविधा भी ले सकता है। दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हो गया। कार्यशाला में जेवीवीएनएल के जैडसीई उमेश गुप्ता, बीईएसएल के सीओओ आकाश सक्सेना, जेवीवीएनएल के एक्सईएन जीएल गुप्ता, सीआरएम हैड क्षितिज मिश्रा, पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह, एचआर प्रभात सिंह, एईएन बहादुर सिंह और कनिष्ठ लिपिक शिवांगी उपाध्याय मौजूद रहे ।

## बिजली की शिकायत का समाधान किए बिना ही शिकायत ड्रॉप

**करौली,(नि.स.)।** यहां विद्युत निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते निचले स्तर के कर्मचारी और टोल फ्री के तहत संध्या कंपनी के लगे कार्मिकों की मनमानी के चलते विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत शिकायत बिना दुरस्थ किये ही शिकायत बंद कर दी जाती है जिससे उपभोक्ता जूझता रहता है ऐसा हाल यहां के विद्युत निगम का चल रहा है दिन भर ऐसा रवैया चलने से जिला मुख्यालय स्थित शहर बड़ी संख्या में उपभोक्ता परेशान होते फिरते हैं।

- **उपभोक्ता विद्युत निगम के अधिकारियों को भी अपनी समस्या से अवगत कराया**

उपभोक्ता विद्युत निगम के अधिकारियों को भी अपनी समस्या से अवगत कराते रहते हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है टोल फ्री पर उपभोक्ता अपनी विद्युत समस्या की शिकायत दर्ज कराने के लिए भी काफी देर तक टोल फ्री नंबर पर लगा रहता है काफी देर बाद में शिकायत दर्ज हो पाती है टोल फ्री पर शिकायत होने के बाद विद्युत निगम की ओर से टेंडर पर लगे संध्या कंपनी के कर्मचारी ही शिकायत को दुरुस्त करने नहीं पहुंचते हैं तब उपभोक्ता विद्युत निगम के अधिकारियों को जानकारी देता है तो विद्युत निगम के अधिकारी भी उनके मोबाइल ही नहीं अटेंड करते हैं यह एक यहां आम समस्या बनी हुई है जिसको विद्युत निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं करते हैं जिसकी वजह से शहर का विद्युत उपभोक्ता परेशान होता फिरता है और बिजली की समस्या से जूझता रहता है उदाहरण के तौर पर यहां के माथुर स्टेडियम के पीछे स्थित विवेक विहार कॉलोनी के मुकेश चंद शर्मा, अंजनी गुप्ता ने टोल फ्री पर शुक्रवार को प्रात: शिकायत दर्ज कराई जिनकी समस्या का समाधान किए बिना ही संध्या कंपनी के कार्मिको ने शिकायत को ही बंद कर दिया जिससे उपभोक्ता दिनभर विद्युत समस्या से परेशान होते रहे उसके बाद उपभोक्ताओं ने टोल फ्री नंबर पर फिर से शिकायत दर्ज कराई यही नहीं एक उपभोक्ता ने तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई उसके उपरांत भी संध्या कंपनी के कार्मिको ने उपभोक्ता की शिकायतों को नजर अंदाज कर दिया कई घंटे बाद उपभोक्ता की शिकायतों से यहां के विद्युत निगम के सहायक अभियंता ललित बाबर को अवगत कराया तब सहायक अभियंता ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं की विद्युत समस्या का समाधान कराया सहायक अभियंता ने कहा कि हमने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि हां इस प्रकार की कार्मिक लापरवाही बरत रहे हैं जो जानकारी में है कंपनी के सुपरवाइजर और उच्च अधिकारियों को इस मामले में नोटिस दिया जाएगा।

# दो दशक के बाद रामलीला के मंचन पर शहरवासियो में भारी उत्साह

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद के तत्वाधान में शारदीय नवरात्र के अवसर पर पुरानी अनाज मण्डी में वृंदावन की रामलीला पार्टी के द्वारा बडे ही मनमोहक रूप से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का शुभारम्भ सभापति शिवरतन अग्रवाल व पार्षदो ने गणेश पूजन के साथ किया। शहर में करीब ढाई दशक बाद एक बार फिर रामलीला का आयोजन शुरू होने से शहरवासियों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया और हजारों की संख्या में शहर के लोग रामलीला देखने के लिए पुरानी अनाज मंडी में पहुंचे। शहर में करीब ढाई दशक पहले रामलीला का आयोजन किया जाता था, लेकिन इसके बाद रामलीला का आयोजन बंद हो गया। नगर परिषद की ओर से इस बार पहल कर अपनी ओर से रामलीला का आयोजन शुरू किया गया है। रामलीला कार्यक्रिम पुरानी अनाज मंडी परिसर में किया जा रहा है। कार्यऋम में सभापति शिवरतन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने देवी माता के अलावा भगवान श्रीराम-सीता की विधिवत पूजा अर्चना कर और आरती कर रामलीला कार्यऋम की शुरुआत की। इसके बाद वृंदावन और मथुरा से आए कलाकारों ने रामलीला का सजीव प्रस्तुतीकरण देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रामलीला देखने के लिए शहर के लोगों में उत्साह दिखाई दिया और हजारों लोग



**रामलीला में नारद अभिमान तोडने का मंचन करते कलाकार ।**

रामलीला देखने के लिए पुरानी अनाज मंडी पहुंचे। इस दौरान लोगों ने रामलीला का आनंद लिया। कलाकारों ने रामलीला के दौरान नारद मोह का प्रसंग श्रोताओं को दिखाए। इस दौरान नारत के द्वारा काम व क्रोध पर विजय पाने के बाद अभिमान होने पर नारद का अभिमान भगवान विष्णु ने अपनी माया के माध्यम से निकाला। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि रामलीला का समय शाम को साढे 7 बजे से रात साढे 1० बजे तक रहेगा और प्रतिदिन अलग-अलग कलाकारों के द्वारा रामलीला के दौरान मंचन किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस दौरान रामायण व रामचरित मानस से प्रश्न पूछे जायेंगे ओर जिनका सटिक जबाब जिनके द्वारा दिया जायेगा उन्हे नगर परिषद की ओर से स्मति चिन्ह दिया जायेगा। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर को रावण वध, राम राजतिलक होगा। सभापति ने शहर के अधिकाधिक संख्या में लोगों से रामलीला कार्यऋम में आकर धर्मलाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि सभी को भगवान श्रीराम के आदर्शो को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारना चाहिए। प्रभु श्रीराम ने हमेशा व्यक्ति को मर्यादा में रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना सिखाया। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि 4 अक्टूबर को रावण तपस्या, राम जन्म, 5 अक्टूबर को विश्वामित्र आगमन और ताडका वध, 6 को धनुष यज्ञ और लक्ष्मण परशुराम संवाद, 7 को राम वनवास, दशरथ मरण और भरत मिलाप, 8 को सीताहरण और बाली वध, 9 को लंका दहन और विभीषण शरणागति, 1० को अंगद रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति, 11 को कुंभकरण वध, मेघनाद वध होगा। 12 अक्टूबर को रावण वध, राम राजतिलक होगा।

## सार-समाचार

### मां भगवती जागरण का हुआ आयोजन



**नदबई ,(निस)।** कस्बे के पंजाबी कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर के जागरण ग्राउंड में पंजाबी समाज द्वारा पहले नवरात्रि पर 38 वें महाविशाल मां भगवती जागरण का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। जागरण की शुरुआत गुड़गांवा के रहने वाले डॉ उमेश सहगल के परिवार द्वारा ज्योत जगाकर की गई। मां भगवती जागरण में मैया रानी का प्यारा दरबार सजाया गया। रेवाड़ी से आए कलाकरों द्वारा मैया रानी का अलौकिक शृंगार किया गया। माता रानी के जागरण में नदबई विधायक जगत सिंह की पत्नी सौमाया सिंह भी शामिल हुईं। जहां सौमाया सिंह ने माता रानी के दरबार में पूजा अर्चना कर माथा टेक कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। महाविशाल मां भगवती जागरण के उपलक्ष में श्रीराम मंदिर से जागरण ग्राउंड तक विशेष सजावट की गई। पंजाबी समाज द्वारा पिछले 37 सालों से पहले नवरात्र पर मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाता आ रहा है। पंजाबी समाज द्वारा आयोजित मां भगवती के जागरण का कस्बे के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। शक्ति जागरण मंडल अध्यक्ष जगदीश मेहंदीरत्ता ने बताया कि जागरण में कानपुर से शैफाली द्विवेदी, गायिका प्रीति गुप्ता और गायक राजू जयपुरिया ने भजनों की गंगा ऐसी बहाई कि श्रद्धालु भक्ति रस से सराबोर नजर आए। गायकों ने माता रानी के जागरण में श्रद्धालुओं को एक से बढ़ कर एक भजन सुनाकर थिरकने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम कमेटी सदस्य मनोज बड़ेजा बबुआ ने बताया कि महाविशाल मां भगवती जागरण में दीपक कृष्णा एण्ड पार्टी द्वारा भगवान गणेश, शेरावाली माता, भगवान शिव और श्री राम जी की मनमोहक झांकी निकाली गई। मां भगवती जागरण में अविराग बैण्ड इंटरनेशनल जयपुर द्वारा शानदार भक्ति धुन की प्रस्तुति दी गई। वहीं मां भगवती जागरण में हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। जागरण में पूरी रात भक्तों ने माता रानी के भजनों का आनंद लिया। इसके बाद सुबह 5 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अशोक शर्मा मटरू, नंदलाल सहगल, देशराज सहगल, पिंटा अरोड़ा, सुरेंद्र मेंहदीरत्ता होलू, योगराज मेहंदीरत्ता, कुलदीप सहगल उर्फ कालू, प्रकाश खंडूजा, प्रकाश सहगल, कृष्णमुरारी तनेजा, गौरव अरोड़ा, दीपक सहगल, हर्षित सहगल, शीलू सहगल, दीपू सहगल, रूपेश चोपड़ा, प्रीतम लाल सहगल, शिवान, भूमिका, ओमप्रकाश, सत्याभावा, रोशनलाल, राजरानी, यशपाल, सरलारानी, दर्शन कुमार, जय गोपाल, सिन्टू अरोडा, अंजू रानी, शीला रानी, सुदर्शन कुमार आदि मौजूद थे।

### धरना सातवें दिन लगातार जारी

**गंगापुर सिटी ।** जिला बचाओ संघर्ष समिति जिला गंगापुर सिटी के तत्वाधान में गंगापुर जिले में पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद को भरने एवं जिले को स्थाई स्वरूप देने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना सातवें दिन भी जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने जारी रहा जिसमे गंगापुट सिटी के आमजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संघठनो के पदाधिकारी उपस्थित रहे। धरने पर बैठे लोगो ने बताया कि जिला बनने से उन्हें बहुत सुविधाएं मिली है, पुलिस अधीक्षक के रहते से क्षेत्र कि कानून व्यवस्था में काफी सुधार हुआ, अपराधों पर अंकुश लगा है लेकिन पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक का ट्रांसफर होने और दूसरा पुलिस अधीक्षक अभी तक नहीं लगाने से क्षेत्र कि जनता में जिला खत्म होने का अंदेशा हो गया है, अगर जिले के स्वरुप से छेडछाड कि गयी तो आमजन सडक पर उतर कर विरोध करेगा जिसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार होगी। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष विधायक रामकेश मीणा एवं जिला बचाओ जन जागृति अभियान के संरक्षक हरगोविंद कटारिया ने आगामी 14 अक्टूबर को होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में सभी आमजन को शामिल होने कि अपील की है। जन जागृति टीम का गठन करके गाँव गाँव शहर शहर जाकर आमजन को आमंत्रित करेंगी जिसमें बीना मीणा, सुशीला शर्मा, पूजा मीणा, सोहनदेवी जाटव, हुकम बाई, ममता मीणा आदि महिलाये साथ होंगी। प्रवक्ता कैलाश मीणा ने बताया कि धरना स्थल पर वार्ड 18 से कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रशेखर शर्मा, देवगुरु महाराज बिनेगा, परसादी गुर्जर, मोती माली, राकेश छान, मीठालाल बोहरा, रघुनाथ वैध, रामफल बिनेगा, विश्राम टोकसी, जीतू शर्मा, विकास जैन, पार्षद महेश बाबू, मदन पचौरी, दीपचंद जांगिड, कुंजीलाल पटेल, जगदीश नारायण मिश्र, हरी पेंटर, प्रहलाद खारवाल, वजीरपुर से जाटव समाज के लोग एवं आमजन उपस्थित थे।

### आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर ,(निस)।** रूपवास थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले का में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 30 सितम्बर 2023 को एक महिला ने गांव सिरसौंदा थाना रूपवास निवासी राजेश पुत्र दिलीपसिंह जाति कुशवाह सहित 3 आरोपियों के विरूद्ध नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का एक मामला थाना रूपवास पर पंजीवद्व कराया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना बृजेन्द्र सिंह भाटी आरपीएस द्वारा बाद अनुसंधान उक्त मामले के नामजद आरोपी राजेश पुत्र दिलीपसिंह जाति कुशवाह उम्र 22 साल निवासी सिरसौंदा थाना रूपवास को गिरफतार किया गया है।

### समस्याओ से कराया अवगत

**करौली,** (नि.स.) मंडरायल पंचायत समिति भवन में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक हंसराज मीणा की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओ से अवगत कराते हुए समस्याओं के समाधान की मांग रखी। पंचायत समिति सदस्य मनोज सिंह जादौन ने क्षेत्रीय विधायक हंसराज मीणा को लिखित में क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि मंडरायल अस्पताल यथावत स्थान पर ही सुचारु रखा जावे,शहीद योगेंद्र सिंह जादौन के शहीद स्मारक के लिए भूमि आवंटन की जावे, ठाम पंचायत रानीपुरा के श्मशान घाट की चार दिवारी टीन सेट, सिंगल फेस मोटर लगवाने की मांग की एवं मंडरायल ब्लॉक के विद्यालय भवनो की मरम्मत हेतु ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से प्रस्ताव मंगवाकर शीघ्र उनके मरम्मत के लिए राशि आवंटित करने की मांग रखी।

### कुठिला बालाजी की यात्रा आज

**गंगापुर सिटी ।** श्री कुठिला बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम मंदिर से आज शनिवार को प्रात: 8 बजे कुठिला वाले बालाजी धाम की यात्रा विधि विधान से पूजा अर्चना कर रवाना होगी। श्री कुठीला बालाजी सेवा समिति अध्यक्ष मुकेश कंजौली वाले ने बताया कि इस बार भी नवरात्रों में बालाजी धाम की 21 वीं यात्रा शनिवार को बस द्वारा प्रस्थान करेगी। बालाजी धाम का चोला सिंगार करके दर्शन कर प्रात: 11 बजे से भंडारे का आयोजन होगा।

पश्चिम मध्य रेल
कोटा मंडल से सेवा निवृत/मृत रेल कर्मचारियों के आश्रितों को देय निपटारा राशि एवं पेंशन सम्बन्धी मामलों के शीघ्र निपटान हेतु।
पेंशन अदालत (16 दिसम्बर 2024)
स्थानः- मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, सभा कक्ष कोटा
समयः- प्रातः 10 बजे
देय निपटारा राशियों एवं पेंशन से सम्बन्धित शिकायतों के लिए आवेदन कोटा मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक) प.म.रे. कोटा जं.-324002 के नाम या ई-मेल Email id-settlementkotadivision@gmail.com या srdpoktt@gmail.com तथा Whatsapp Number - 9608572300 पर दिनांक 31.10.2024 तक प्रेषित करें।
लिफाफे पर "पेंशन अदालत 16 दिसम्बर 2024" अवश्य लिखें।
विशेषः- अनुकम्पा नियुक्ति, कोर्ट केस एवं नियमों के बदलने से सम्बन्धित प्रकरणों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।
आपकी सेवा में सदैव तत्पर.....
मं. रे. प्रबन्धक (कार्मिक) प.म.रे. कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर